# 8 नाम की जगह (सर्वनाम)

**Pronoun**




*रानी मेरा नाम है। पढ़ना मेरा काम है।*
*इसका, उसका, तेरा, मेरा सर्वनाम का काम है।*

हम जानते हैं कि सबका अपना-अपना नाम होता है पर जब हम बार-बार एक ही प्राणी या वस्तु के बारे में कुछ कहना चाहते हैं तो बार-बार उसका नाम लेने की जगह कुछ दूसरे शब्दों का प्रयोग करते हैं; जैसे—मैं, मेरा, तुम्हारा, तुम, इसका, उसका, यह, वह आदि।

**उदाहरण—**

अजय एक लड़का है। **वह** पाँच साल का है। **उसके** पापा डॉक्टर हैं। **वे** लोगों का इलाज करते हैं। **वह** **उन्हें** बहुत प्यार करता है।



# अभ्यास

**देखें, क्या जाना**

1. **नाम की जगह लिखे शब्दों पर ◯ लगाओ—** (Critical Thinking)

   क. चिड़ियाँ चहचहा रही हैं। वे खुश हैं।


   ख. वे डाल पर फुदक रही हैं।

   ग. उन्हें बहुत सारे दाने मिल गए हैं।

   घ. उन्होंने भरपेट दाना खाया है।



2. **मोर के पंखों में से सर्वनाम शब्द ढूँढ़कर भरो—** (Decision Making)




   क. पापा, ......आप...... कब आएँगे?

   ख. ......तुम...... मेरे अच्छे दोस्त हो।

   ग. ......वह...... पाठशाला जा रहा है।

   घ. ......मेरा...... नाम अजय है।

   ङ. ......उसके...... पास एक पतंग है।

3. **सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो—** (Decision Making)

   क. ...मेरी... बिल्ली का नाम लूसी है। (मेरी / हम

   ख. ......वह...... दूध पीती है। (वे / वह

   ग. ......उसका...... रंग सफ़ेद है। (उसका/ उसके

   घ. ......मुझे...... अपनी बिल्ली से बहुत प्यार है। (मुझे /